न्यूज गैलरी

केंद्रीय विश्वविद्यालय ओडिशा के नवाचारों को मिली सराहना

भोपाल। ओडिशा के केंद्रीय विश्वविद्यालय ने प्रशासन अकादमी में आयोजित सार्थक एजुविजन में अपने परिसर की शैक्षणिक उपलब्धियों और कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। स्टॉल पर विवि ने एक कियोस्क भी लगाया था, जिससे विवि की पूरी जानकारी मिल रही थी। विवि ने दिखाया कि कोविड-19 के दौरान उन्होंने भरोसा हेल्पलाइन की शुरुआत की और विद्यार्थियों को भावनात्मक रूप से काउंसलर्स के माध्यम से काउंसिलिंग की गई। विवि के समन्वयक डॉ सौरव गुप्ता ने कोरोना काल में शुरू किए गए ऑनलाइन शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने विवि की केंद्रीय ई-लाइब्रेरी और इस सत्र से शुरू किए गए एमबीए पाठ्यक्रम की जानकारी दी। विवि के इस प्रयास को संस्कृति और पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर, भारतीय शिक्षा मंडल के अध्यक्ष डॉ सचिदानंद जोशी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के कुलपति केजी सुरेश और मप्र के सूचना एवं जनसंपर्क निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र पाल सिंह ने अवलोकन किया और सराहा। -(नप्र)